प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 03.04.2024

थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा मोबाइल टावरों की बैट्री चोरी करने वाला एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से टावरों से चोरी की हुई 07 बैट्री व 158 सैल बैट्री बरामद।

दिनांक 03.04.2024 को थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक शातिर अभियुक्त मजरूद्दीन पुत्र इबादुल्लाह निवासी म0न0 245 गली न0 06 राजीव कालोनी शालीमार गार्डन जनपद गाजियाबाद उम्र 55 वर्ष को ताहिरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से मोबाइल के टावरो से चोरी किये हुये 07 बैट्री व 158 सेल बैट्री बरामद। अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

पूछताछ में अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बताया गया कि ये बैट्री मैने अपने साथी के साथ मिलकर उत्तराखण्ड के रूद्रपुर से 6-7 महीने पहले चुरायी थी। जो बैट्री हम लोग चुराते हैं उसे उसी रूप में बेचना मुश्किल होता है। और पकडे जाने का डर भी रहता है इसलिए हम लोग बैट्री को फाड कर उससे सेल निकाल लेते है और उन सेलों को उचित दामों में बेच कर मुनाफा कमाते हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

मजरूद्दीन पुत्र इबादुल्लाह निवासी म0न0 245 गली न0 06 राजीव कालोनी शालीमार गार्डन गाजियाबाद उम्र 55 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

मोबाइल टावर से चोरी की गयी 07 बैट्री व 158 सेल बैट्री बरामद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम।

थाना लिंकरोड पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन द्वारा हत्या कारित करने वाले 03 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से आलाकत्ल लोहे की रोड फर्सा नुमा बरामद।

दिनांक 03.04.2024 को थाना लिंकरोड पर वादी श्री नौशाद पुत्र सलीम मूल निवासी वजरिया रोड जिला हमीरपुर हाल पता मैन मार्केट प्रहलादगढी थाना इन्द्रापुरम कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त गौरव पुत्र ज्ञान चन्द्र निवासी ग्राम झण्डापुर द्वारा वादी के भाई मोमीन की लोहे की राड से पीट-पीट कर हत्या कर देना के सम्बन्ध में दी गयी। उक्त सूचना पर तत्काल सुसुंगत धारओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के सफल अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। थाना लिंकरोड पुलिस एवं स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन द्वारा संयुक्त रूप से तत्परता से कार्यवाही करते हुये उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त 1. गौरव सिंह पुत्र ज्ञान चन्द्र

गौरव सिंह पुत्र ज्ञान चन्द्र निवासी गांव पचायरा थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद हाल पता घनश्याम स्कूल वाली गली ग्राम झण्डापुर थाना लिंकरोड कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष को सी0एल0 कम्पनी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गौरव के कब्जे से आलाकत्ल लोहे की रोड फर्सा नुमा बरामद हुई तथा **प्रकाश में आये शेष अभियुक्तगण** 2. **अंकित पुत्र हरिओम** निवासी गांव खुटार जिला शाहजहाँपुर हाल पता देव सिंह के मकान में किराये पर ग्राम झण्डापुर थाना लिंकरोड गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष , 3. **राजू कुमार पुत्र लाल बाबू** राय निवासी गांव बडेबा थाना गुरौल जिला वैशाली बिहार हाल पता अजय सक्सेना के मकान में गली न0 2 झण्डापुर थाना लिंकरोड गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष को पूछताछ हेतु थाना पर लेकर आये थे जिनसे बारी बारी तर्कसंगत पूछताछ की गयी पूछताछ से अभियुक्तगण अंकित व राजू कुमार की घटना में सम्मिलित होने के पुष्टिकारक साक्ष्य प्राप्त हुये है जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>पूछताछ का विवरण</u>

अभियुक्तगण उपरोक्त से संयुक्त रूप से पूछताछ पर बताया कि गौरव डीजे किराये पर लेकर कार्यक्रमो में बजाता है दिनांक 2/3.4.2024 को गौरव एक प्रोग्राम से घर वापिस गया और गौरव अपने साथ लोहे की रोड नुमा फर्सा अपनी एंटी में लगाकर आया था हम चारो दोस्तो ने (गौरव, अंकित, राजू, मोमीन) सभी ने बैठकर एक साथ शराब पी, इसी दौरान मोमीन ने शराब के नशे में गौरव से कुछ अपशब्द कहे थे। इसी बात को लेकर हम सब के बीच कहासुनी हो गयी और फिर झगडा हो गया था। गौरव ने फर्से से मोमीन के ऊपर ताबतोड वार कर दिये जिससे मोमीन गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे जमीन पर गिर गया झगडे की आवाज सुनकर भीड इकट्ठा होने लगी तो गौरव पकडे जाने के डर से घटना करके फर्से को लेकर अपने घर भाग गया और फर्से पर लगे खून को पानी से साफ करके फर्से को कमरे में छुपा दिया था। हम दोनो पर मोमीन के परिजन शक न करे इसलिये हम अपने आप को बचाने के लिये मोमीन के परिजनो के साथ मिलकर गौरव को तलाश कर रहे थे।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता</u>

1. गौरव सिंह पुत्र ज्ञान चन्द्र निवासी गांव पचायरा थाना ट्रोनिका सिटी जनपद गाजियाबाद हाल पता घनश्याम स्कूल वाली गली ग्राम झण्डापुर थाना लिंकरोड कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष।
2. अंकित पुत्र हरिओम निवासी गांव खुटार जिला शाहजहाँपुर हाल पता देव सिंह के मकान में किराये पर ग्राम झण्डापुर थाना लिंकरोड गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष।
3. राजू कुमार पुत्र लाल बाबू राय निवासी गांव बडेबा थाना गुरौल जिला वैशाली बिहार हाल पता अजय सक्सेना के मकान में गली न0 2 झण्डापुर थाना लिंकरोड गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण</u>

आलाकत्ल लोहे की रोड फर्सा नुमा बरामद।

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>

थाना लिंकरोड पुलिस टीम व स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन जोन